भैरव देवा मेरे भैरव देवा तेरा नाम लिया है लिरिक्स

भैरव देवा मेरे,
भैरव देवा,
तेरा नाम लिया है,
रात दिन मैंने,
सुबह शाम शाम लिया है।bd।

तर्ज – श्याम बाबा मेरे श्याम बाबा।

ॐ बम भैरव मंत्र है प्यारा,
प्रेम से जिसने भी ये उच्चारा,
खुश हो जाता अम्बा का दुलारा,
भैरव नाम है जग से न्यारा,
भक्ति भावना तेरी,
भक्ति भावना,
हर रोज करता हूँ,
रात दिन मैं तो,
सुबह शाम करता हूँ।bd।

भैरव नाम की महिमा भारी,
जिसको जपते है नर और नारी,
दिल से पुकारो तुम एक वारी,
सुन लेगा वो बात तुम्हारी,
बिन मांगे हाँ,
बिन मांगे,
बेदाम दिया है,
रात दिन जिसने,
सुबह शाम शाम दिया है।bd।

रोम रोम में भैरव देवा,
सांस सांस में भैरव देवा,
मन मंदिर में भैरव देवा,
है इस दिल मे भैरव देवा,
दास नितिन,
'दिलबर' दास नितिन,
को प्यार दिया है,
रात दिन तुमने,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सुबह शाम शाम दिया है।bd।

भैरव देवा मेरे,
भैरव देवा,
तेरा नाम लिया है,
रात दिन मैंने,
सुबह शाम शाम लिया है।bd।

गायक – नितन जैन विजयनगर।
लेखक – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'।
नागदा जक्शन म.प्र. 9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com